SJU Social Justice Union

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 || Email :- nyaysakshi@gmail.com || रायगढ़, सोमवार 04 मार्च 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-154

## पाक से निपटने के लिए पुंछ और राजौरी में बनाए जाएंगे 400 नए बंकर

### केंद्र सरकार का बड़ा फैसला



नई दिल्ली (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर में भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव के बीच केंद्र सरकार ने एक बड़ा कदम उठाया है। दरअसल सरकार ने जम्मू-कश्मीर के सीमावर्ती जिलों पुंछ और राजौरी में नए बंकरों के निर्माण को मंजूरी दे दी है। ध्यान रहे कि बीते कुछ समय से सीमा पर पाकिस्तान की ओर से लगातार संघर्ष विराम का उल्लंघन किया जा रहा है और इसमें सेना के जवानों के अलावा कई आम नागरिक भी अपनी जान गंवा चुके हैं।

इस बीच एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया है सीमा पार से भारी गोलाबारी को देखते हुए सरकार ने पुंछ और राजौरी जिलों के 200-200 अतिरिक्त व्यक्तिगत बंकरों को मंजूरी दी है। प्रशासन ने इन बंकरों का तेजी से निर्माण सुनिश्चित करने का अधिकारियों को निर्देश दिया और कहा कि इस बाबत कोष ग्रामीण विकास विभाग के जरिए संबंधित उपायुक्तों के पास होगा। प्रवक्ता ने बताया, निर्धारित विनिर्देशों के मुताबिक ये बंकर अगले एक महीने में बना दिए जाएंगे। स्थानीय लोगों के मुताबिक, उन्होंने कहा कि सीमा पार से होने वाली गोलाबारी के दौरान बंकर काफी प्रभावी होते हैं। यह गोलाबारी के दौरान सरहदी इलाकों में रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थान मुहैया कराते हैं।

सेना प्रमुख जनरल बिपिन रावत ने शनिवार को जम्मू स्थित व्हाइट नाइट कोर का दौरा किया और तैयारियों की समीक्षा की तथा सभी जवानों से सतर्क रहने के लिए कहा। रक्षा विभाग के एक प्रवक्ता ने बताया, नियंत्रण रेखा और अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास वर्तमान स्थिति के मद्देनजर सेना प्रमुख और उत्तरी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ लेफ्टिनेंट जनरल रणबरी सिंह ने व्हाइट नाइट कोर का दौरा किया और सुरक्षा बलों की संचालन क्षमताओं की समीक्षा की। प्रवक्ता ने बताया कि सेना प्रमुख को संघर्ष विराम उल्लंघन की बढ़ती चुनौतियों से निपटने के लिए किए गए उपायों से भी अवगत कराया गया। सेना प्रमुख ने ड्यूटी के प्रति जवानों की प्रतिबद्धता, समर्पण और उच्च स्तरीय पेशेवर क्षमता की प्रशंसा की।

बता दें कि पिछले 5 दिनों में नियंत्रण रेखा पर पाकिस्तानी फौज ने राजौरी और पुंछ जिलों में 51 बार संघर्ष विराम उल्लंघन किया है। इस फायरिंग में एक ही परिवार के तीन सदस्यों सहित चार नागरिकों की मौत हो गई और आठ सुरक्षाकर्मियों सहित 14 अन्य लोग घायल हो गए।

## डिप्टी कमिश्नर की पत्नी ने फांसी लगाकर की खुदकुशी



इंदौर। मध्यप्रदेश में इनकम टैक्स के डिप्टी कमिश्नर की पत्नी ने खुदकुशी कर ली है। घघटना शाम 7 बजे की है। डिप्टी कमिश्नर कमर्शियल टैक्स का नाम दीपक श्रीवास्तव है, जबकि खुदकुशी करने वाली पत्नी का नाम रंजना श्रीवास्तव है। इससे पहले उन्होंने पति को फोन किया और कहा- जीने की इच्छा खत्म हो चुकी है। मैं आत्महत्या कर रही हूं। पुलिस के अनुसार, रंजना का 14 वर्षीय बेटा शिवम व डेढ़ साल की बेटी टीशा है।

पति ने फोन पर काफी समझाया। उनके आने तक रुकने को कहा, लेकिन रंजना ने साड़ी से फंदा लगा जान दे दी। तीन दिन पहले दंपती में अनबन हुई थी और दोनों में बातचीत बंद थी। घटना के वक्त 14 वर्षीय बेटा मोबाइल पर गेम खेल रहा था। दीपक ने बेटे को भी कॉल किए। लेकिन गेम खेलने में व्यस्त बेटे ने कॉल रिसीव नहीं किए।जवाब नहीं मिला तो पड़ोसी ऋषिराजसिंह चौहान को घर जाकर देखने को कहा। ऋषिराज घर पहुंचे तो दरवाजा बंद मिला। उन्होंने दरवाजा तुड़वाया तो रंजना फांसी पर झूलती मिली।

कमरे में टेबल पर रखा सुसाइड नोट मिला है। इसमें उन्होंने लिखा है कि 'मैं थोड़ी सी पागल हूं, मेरी जीने की इच्छा खत्म हो गई है, मेरे आसपास के लोग बहुत अच्छे हैं। मेरी मौत की जिम्मेदार मैं खुद हूं। पति और बच्चों को दोष नहीं दिया जाए। किसी को परेशान मत करना। मैं भगवान के घर जा रही हूं।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### 12वीं बोर्ड का पेपर देते वक्त 16 साल के लड़के को आया हार्ट अटैक, मौत

हैदराबाद (आरएनएस)। हैदराबाद में एक अलग तरह का मामला सामने आया है. 12वीं की परीक्षा देते हुए एक छात्र को सीने में दर्द उठा और हार्ट अटैक के चलते एग्जामिनेशन हॉल ही में छात्र की मौत हो गई. पुलिस ने यह जानकारी दी. छात्र का नाम गोपी राजू है. एग्जाम शुरू होने से पहले राजू के सीने में दर्द बढ़ा. जब लोगों ने छात्र को परेशान देखा तो अस्पताल चलने के लिए कहा लेकिन छात्र ने जाने से मना कर दिया. थोड़ी देर बाद छात्र अपनी सीट से गिर गया और वहीं मौत हो गई. छात्र के गिरने के बाद उसे नजदीकी हॉस्पिटल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. इसके बाद छात्र के शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्ट के लिए भेजा दिया है. छात्र के पिता की शिकायत पर इस मामले में केस दर्ज किया गया है. मामले की जांच जारी है.

### रूस के रक्षा मंत्री ने सीतारमण को किया फोन

नई दिल्ली (आरएनएस)। रूस के रक्षा मंत्री सर्गेई शोयगू ने रक्षा मंत्री निर्मला सीतारमण को फोन किया और भारत-रूस सैन्य सहयोग मजबूत करने की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने कश्मीर में पुलवामा आतंकवादी हमले पर भी अपनी संवेदनाएं जताई जिसमें 40 सीआरपीएफ जवान शहीद हो गए थे। रक्षा मंत्री के आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर कहा गया, ''रूस के रक्षा मंत्री जनरल सर्गेई शोयगु ने निर्मला सीतारमण को फोन किया। टेलीफोन पर उन्होंने पुलवामा हमले पर संवेदनाएं जताई और भारत-रूस सैन्य सहयोग मजबूत करने के संकल्प पर जोर दिया।''

### अदालत ने बाल श्रम के आरोपी दंपति के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी रद्द की

#### 100 पौधे लगाने का आदेश

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली उच्च न्यायालय ने नाबालिग को घरेलू काम के लिए रखने वाले दंपति के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द करते हुए उन्हें 100 पौधे लगाने और पीड़ित को 1.5 लाख रुपए देने का आदेश दिया है। न्यायमूर्ति नजमी वजीरी ने मामले में संलिप्त अन्य दो लोगों को पौधे लगाने के काम में श्रमदान देने तथा पौधों की देखभाल करने का निर्देश दिया। ये दोनों एजेंट है जिन्होंने नाबालिग बच्ची को दंपति के यहां नौकरी पर लगाया था। अदालत ने दंपति पर 1.5 लाख रुपए और दोनों एजेंट 10-10 हजार रुपए का जुर्माना लगाते हुए यह राशि नाबालिग को देने का निर्देश दिया। अदालत ने कहा कि इन परिस्थितियों में, प्राथमिकी और इससे जुड़ी सभी कार्यवाहियां रद्द की जाती हैं।

### श्रीलंका ने चार मार्च तक पाकिस्तान के लिए उड़ानें रद्द की

कोलंबो (आरएनएस)। श्रीलंका ने अपने दो पड़ोसियों के बीच बढ़े तनाव के मद्देनजर चार मार्च तक पाकिस्तान के लिए अपनी सभी उड़ानें रद्द कर दी हैं। श्रीलंकाई एयरलाइंस के मीडिया प्रवक्ता दीपल परेरा ने कहा, उड़ानें रद्द करने का निर्णय पाकिस्तानी नागरिक उड्डयन प्राधिकरण की ओर से अस्थायी रूप से चार मार्च तक देश के हवाई क्षेत्र को बंद करने के फैसले के कारण लिया गया। श्रीलंका के आधिकारिक समाचार पोर्टल के अनुसार एयरलाइन स्थिति की बारीकी से निगरानी कर रही है और पाकिस्तानी नागरिक उड्डयन प्राधिकरण द्वारा अपने हवाई क्षेत्र को फिर से खोलने के तुरंत बाद श्रीलंका और पाकिस्तान के बीच उड़ानें शुरू करने के लिए कदम उठायेगा। गौरतलब है कि पाकिस्तान के आतंकवादी समूह जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के 14 फरवरी को पुलवामा हमले के बाद भारत के साथ बढ़े तनाव के मद्देनजर पाकिस्तान ने 27 फरवरी को अपना हवाई क्षेत्र बंद कर दिया जिससे दुनिया भर की एयरलाइंस को पाकिस्तान से उड़ानों को रद्द करने या डायवर्ट करने के लिए मजबूर होना पड़ा।

## एयर स्ट्राईक पर दिग्विजय सिंह ने खड़े किए सवाल, कहा- हमले के सबूत दें



नई दिल्ली। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने भारत के पाकिस्तान पर किए एयर स्ट्राइक पर सवाल उठाए हैं। दिग्विजय सिंह ने पुलवामा हमले के बाद बीते 26 फरवरी को पाकिस्तान में एयर स्ट्राइक करने के भारत के दावों पर सवाल खड़ा करते हुए इसके सबूत मांगे हैं।

न्यूज एजेंसी एएनआई के अनुसार उन्होंने कहा, मैं एयर स्ट्राइक पर सवाल नहीं खड़े कर रहा, लेकिन यह तकनीकी दौर है। आज कल सैटेलाइट से तस्वीरें लेना मुमकिन है। जैसे अमेरिका ने ओसामा ऑपरेशन का सबूत पूरी दुनिया को दिया था, वैसा ही सबूत हमें भी एयर स्ट्राइक का देना चाहिए।

बता दें कि 14 फरवरी को सीआरपीएफ के काफिले पर जैश-ए-मोहम्मद के एक स्थानीय आतंकवादी ने फिदायीन हमला किया गया था, जिसमें सीआरपीएफ के 40 जवान शहीद हो गए थे। इस घटना के बाद देशभर में गम और पाकिस्तान के खिलाफ जबरदस्त गुस्से का माहौल था। लोग इस हमले का बदला लेने की मांग करने लगे।

हालांकि पुलवामा हमले के 100 घंटे के अंदर सेना ने हमले के मास्टरमाइंड जैश के टॉप कमांडर राशिद गाजी को मार गिराया था। इसके बाद 26 फरवरी की रात लगभग साढ़े 3 बजे भारतीय वायुसेना के विमानों की तरफ से पाकिस्तान के बालाकोट में एयर स्ट्राइक की गई। दावा किया गया कि यह एयर स्ट्राइक जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी कैंप को निशाना बनाने के लिए की हुई थी।

## राफेल की आपूर्ति में देरी के लिए सिर्फ मोदी जिम्मेदारः राहुल

नई दिल्ली (आरएनएस)। कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राफेल विमान से जुड़े एक बयान को लेकर शनिवार को उन पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि मोदी की वजह से इस लड़ाकू विमान की आपूर्ति में विलंब हुआ और ऐसे में विंग कमांडर अभिनंदन जैसे बहादुर पायलट को पुराने विमान उड़ाकर अपना जीवन जोखिम में डालना पड़ रहा है। गांधी ने ट्वीट कर कहा, प्रिय प्रधानमंत्री, क्या आपको कोई शर्म नहीं है? अपने 30 हजार करोड़ रुपये चोरी करके अनिल अंबानी को दिये। राफेल विमानों के आने में देरी के लिए सिर्फ आप जिम्मेदार हैं।

## चिप की तलाश में विंग कमांडर अभिनंदन की बॉडी खंगाली



नई दिल्ली (आरएनएस)। विंग कमांडर अभिनन्दन वर्थमान के भारत पहुंचने के बाद पूरा देश जोश में है। अभिनंदन को शुक्रवार रात करीब सवा नौ बजे पाकिस्तानी अधिकारियों ने भारतीय अधिकारियों के हवाले किया। सूत्रों की मानें तो अभिनंदन को परिजनों व सैन्य अधिकारियों से मिलाने से पहले उसके आवश्यक मेडिकल टेस्ट किए गए। इन टेस्टों में एमआरआई और सीटी स्कैन जैसे टेस्ट शामिल हैं। सूत्रों का कहना है कि रात को अमृतसर में ही किसी अज्ञात संस्थान में अभिनंदन के मेडिकल टेस्ट किए गए। इन टेस्टों को करवाने का उद्देश्य एक तो ये जानना था कि कहीं अभिनन्दन को पाक हिरासत में चोट तो नहीं पहुंचाई गई वहीं इन टेस्टों को सुरक्षा के मद्देनजर करवाना भी जरूरी था। जब भी दुश्मन के खेमे से छूटकर सेना से जुड़ा कोई व्यक्ति स्वदेश आता है तो इस बात का ध्यान रखा जाता है कि कहीं दुश्मन ने उसके शरीर में कोई चिपनुमा उपकरण तो नहीं छिपा दिया। ऐसे ही उपकरण को ढूंढने के लिए सीटी स्कैन, बग स्कैनिंग और एमआरआई टेस्ट करवाए जाते हैं। अभिनंदन के भी ऐसे ही टेस्ट हुए हैं और इन्हें मिलिट्री अस्पताल की बजाय किसी अज्ञात स्थान पर करवाने का मकसद ये है कि ताकि दुश्मन को मिलिट्री से जुड़ी कोई जानकारी न मिल सके।

अभी अभिनंदन की डी-ब्रीफिंग होगी और विशेषज्ञों की मानें तो यह वाकई कड़ा प्रोसेस होता है। इसमें एयरफोर्स की इंटेलीजेंस यूनिट यह जानने की कोशिश करेगी कि दुश्मन की सेना ने उनसे क्या-क्या राज हासिल किए हैं। साथ ही इस बात का पता भी लगाया जाएगा कि कहीं दुश्मन ने उन्हें अपनी सेना में तो शामिल नहीं कर लिया है।

**साइकोलॉजिकल टेस्ट भी होगा-** अभिनंदन का साइकोलॉजिकल टेस्ट जिसे पीएसवाई बैटरी टेस्ट कहते हैं, वह भी होगा। अभिनंदन, पाक में अकेले थे और उन्हें एक बंदी की तरह रखा गया था। इस टेस्ट में यह जानने की कोशिश होगी कि कहीं नेशनल सिक्योरिटी से जुड़े कोई राज निकलवाने के लिए पाक ने उन्हें मानसिक और शारीरिक तौर पर टॉर्चर तो नहीं किया।

## हंदवाड़ा में 72 घंटों से मुठभेड़ जारी, 2 आतंकी ढेर

### अब तक 5 जवान शहीद



कुपवाड़ा (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा स्थित हंदवाड़ा में शनिवार देर रात से सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच पिछले 72 घंटों से मुठभेड़ चल रही है। इस दौरान जारी गोलीबारी में सीआरपीएफ के दो अधिकारी और जम्मू-कश्मीर पुलिस के 2 जवानों के शहीद हो गए थे। वहीं इस मुठभेड़ के दौरान घायल एक सीआरपीएफ जवान की रविवार को मौत हो गई, जबकि 2 आतंकियों के ढेर होने की खबर है। इस दौरान चार स्थानीय लोगों के भी जख्मी होने की बात कही जा रही है। जम्मू-कश्मीर पुलिस के मुताबिक, बाबागुंड इलाके में सुरक्षाबलों ने सर्च ऑपरेशन चलाया था। इसी दौरान आतंकियों ने जवानों पर फायरिंग कर दी। मुठभेड़ में 9 जवान जख्मी हुए थे। रिपोर्ट के मुताबिक इनमें 5 जवानों के शहीद होने की पुष्टि हुई है। मुठभेड़ की जगह पर स्थानीय लोगों ने सुरक्षाबलों पर पथराव भी किया। इस दौरान चार नागरिक भी घायल हुए हैं। इससे पहले सुरक्षाबलों ने शुक्रवार सुबह कुपवाड़ा के हंदवाड़ा में दो आतंकियों को मार गिराया था। सैन्य अफसर ने बताया कि पाक सेना की ओर से एलओसी पर पुंछ, कृष्णा घाटी, नवशेरा सेक्टर में गोलाबारी की गई।

## अचानक आयी बाढ़ में 20 लोगों की मौत

काबुल (आरएनएस)। अफगानिस्तान के दक्षिणी हिस्से में इस हफ्ते अचानक आयी बाढ़ (फ्लैश फ्लड) के कारण कम से कम 20 लोगों की मौत हो गयी और कम से कम 10 लोग लापता हैं। संयुक्त राष्ट्र मानवीय मामलों के समन्वय कार्यालय (ओसीएचए) ने यह जानकारी दी। ओसीएचए का कहना है कि अभी भी बचाव सहायता की तत्काल आवश्यकता है। ओसीएचए के अनुसार शुक्रवार को दक्षिणी प्रांत कंधार में भारी बारिश हुई और पिछले 30 घंटों में इस क्षेत्र में कुल 97 मिलीमीटर बारिश हुई। ओसीएचए ने शनिवार के एक बयान में कहा, फ्लैश फ्लड के कारण शुरू हुई भारी बारिश से 20 लोगों की मौत हो गयी जिनमें कई बच्चे भी शामिल हैं। घरों के ढहने या यात्रा के दौरान बहने के कारण इन लोगों की मौत हुई। रिपोर्ट के मुताबिक, बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान पहुंचा है, एक अनुमान के अनुसार पूरे क्षेत्र में 2000 घर क्षतिग्रस्त हो गये, केवल कंधार शहर में 600 घर नष्ट हुए हैं। इस बीच बाढ़ प्रभावित परिवारों को सुरक्षित क्षेत्रों में पहुंचाया गया। कुछ क्षेत्रों में जल स्तर में वृद्धि जारी है।ओसीएचए ने जोर देकर कहा कि अरघंदब जिले में करीब 500 खानाबदोश नदी के तट पर फंस गए जिन्हें हवाई सहायता की तत्काल आवश्यकता है।

## राष्ट्रीय राजमार्ग बंद होने से हजारों वाहन फंसे

### कश्मीर में भारी हिमपात



श्रीनगर( आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर में बारिश के बाद हिमपात और भूस्खलन होने की वजह से बाद श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात रविवार दूसरे दिन भी बंद रखा गया है जिसके कारण यात्री वाहन समेत कश्मीर जाने वाले 3,500 से अधिक वाहन फंसे हुये हैं।

बर्फ के जमाव की वजह से लद्दाख क्षेत्र से कश्मीर को जोड़ने वाले श्रीनगर-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग और दक्षिण कश्मीर में शोपियां और जम्मू क्षेत्र में राजौरी और पुंछ के बीच के ऐतिहासिक 86 किलोमीटर लंबे मुगल रोड के अलावा अनंतनाग-किश्तवाड़ रोड पिछले वर्ष दिसंबर से ही बंद है। जवाहर सुरंग के दोनो ओर हिमपात होने और रामबन एवं रामसू के बीच बारिश होने के बावजूद शनिवार को यातायात अधिकारियों ने वाहनों को जम्मू से श्रीनगर जाने की अनुमति दी थी। इस दौरान रामबन और रामसू के बीच के कई जगहों पर भूस्खलन हुआ।

सूत्रों ने बताया कि शनिवार सुबह जम्मू से रवाना होने वाले यात्री वाहन समेत 3,500 से अधिक वाहन राजमार्ग पर फंस गये हैं। कुछ यात्री वाहन जम्मू लौट आये हैं। इस बीच चंदरकोट और अन्य जगहों पर स्थानीय लोग फंसे यात्रियों को मुफ्त में आश्रय और भोजन उपलब्ध करा रहे हैं। राजमार्ग के रखरखाव के लिए जिम्मेदार भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण( एनएचएआई) और सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) ने राजमार्ग को साफ करने का काम शुरू करा दिया है हालांकि बीच-बीच में पत्थर गिरने के कारण में बाधा आ रही है। सूत्रों ने बताया कि राजमार्ग पर अलग-अलग जगहों पर तैनात जवानों से हरी झंडी मिलने के बाद फंसे वाहनों को आगे जाने की अनुमति दी जाएगी।

## मृत्युदंड के खिलाफ जल्द ही सुधार याचिका दायर कर सकते हैं निर्भया मामले के दोषी



नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली की एक अदालत में शनिवार को यह बताया गया कि 2012 के सामूहिक बलात्कार और हत्या मामले में तीन दोषी मौत की सजा को चुनौती देते हुए जल्द ही सुधार याचिका दायर कर सकते हैं। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अनु ग्रोवर बलिगा ने चार दोषियों की मौत के वारंट को बिना किसी देरी के जारी करने की मांग करने वाली निर्भया के माता-पिता की याचिका पर शनिवार को सुनवाई की। दोषियों के वकील ए पी सिंह ने अदालत को बताया कि दोषी 2017 के फैसले की समीक्षा की याचिका को खारिज करने वाले 2018 के आदेश को चुनौती देते हुए जल्द ही सुधार याचिका दायर कर सकते हैं। 2017 के आदेश में दोषियों को दी गई मौत की सजा को बरकरार रखा गया था। उन्होंने अदालत को बताया कि तिहाड़ जेल अधिकारियों ने याचिका पर अपने जवाब में भी यही बात कही है। अदालत ने जेल प्रशासन से छह अप्रैल को मामले पर अगली सुनवाई के दिन तक अपनी स्थिति रिपोर्ट दायर करने के निर्देश दिए हैं। निर्भया के माता-पिता की याचिका में कहा गया है कि यह वक्त और कानून की मांग है कि जल्द से जल्द और आगे बिना किसी देरी के मौत की सजा दी जाए। वकील जितेंद्र कुमार झा के जरिए दायर याचिका में कहा गया है, ''दोषियों को सजा देने का इंतजार ना केवल पूरा देश कर रहा है बल्कि पूरी दुनिया की निगाहें भारतीय न्यायिक व्यवस्था पर टिकी हैं।'' उच्चतम न्यायालय ने पिछले साल नौ जुलाई को तीन दोषियों मुकेश (31), पवन गुप्ता (24) और विनय शर्मा (25) की याचिकाएं खारिज कर दी थी जिनमें उन्होंने दिल्ली उच्च न्यायालय और निचली अदालत द्वारा उन्हें दी गई मौत की सजा बरकरार रखने के 2017 के आदेश की समीक्षा करने की मांग की थी। मौत की सजा पाने वाले चौथे दोषी अक्षय कुमार सिंह (33) ने उच्चतम न्यायालय में पुनर्विचार याचिका दायर नहीं की थी। उच्चतम न्यायालय ने पिछले साल दिसंबर में मामले में चार दोषियों को तत्काल मौत की सजा देने के निर्देश देने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी थी।